## संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

### फसल क्षति के 72 घंटे के भीतर किसान टोल फ्री नंबर पर करें सूचित

**धमतरी ।** जिले में खराब मौसम, असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि होने की संभावना के मद्देनजर उप संचालक कृषि ने किसानों को समसामयिक सलाह देते हुए कहा कि फसल कटाई के बाद खेतों रखे गये करपा को जल भराव होने की स्थिति में नुकसान हो सकता है। किसान इस बात का विशेष ध्यान रखें कि खराब मौसम को देखते हुए फसल कटाई का कार्य मौसम को देखकर करें तथा खेतों में रखे गये करपा को मेड़ों पर अथवा खरही जमाकर रख दें, जिससे वर्षा के पानी से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि यदि असामयिक वर्षा अथवा ओलावृष्टि से किसी भी किसान की खड़ी फसल या खेत में रखे गये फसलों को नुकसान हुआ है, तो ऐसी स्थिति में वह बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 18004190034 4 पर क्षति होने के 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से सूचित करें। साथ ही लिखित में कृषि और राजस्व विभाग के मैदानी अमलों तथा संबंधित बैंक शाखा को भी अनिवार्य रूप से सूचित करें, ताकि बोई गई फसलों के क्षति का आंकलन मैदान अमलों के द्वारा किसानों के खेतों का मुआयना कर शासन की निहित प्रावधान अनुसार नियत समय में बीमा क्षतिपूर्ति की कार्यवाही की जा सके।

### विश्व गौरैया दिवस पर कलेक्टर ने मोहन साहू को किया सम्मानित



**धमतरी ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर कुरूद के मंदरौद निवासी 24 वर्षीय युवा पर्यावरण कार्यकर्ता श्री मोहन साहू को शॉल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्री मोहन साहू ने गौरैया संरक्षण पर विशेष कार्य करते हुए वर्ष 2018 से अब तक 2500 लकड़ी के घोसले व टिन के शेड स्वयं बनाकर निःशुल्क वितरण किया है। आज उनके द्वारा कलेक्टोरेट में भी लकड़ी के घोसले व टिन के शेड लगाए गए।

### भिलाई निगम क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन

**भिलाईनगर।** भिलाई निगम क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत वाहन रैली का आयोजन गुरूवार को किया गया है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में नागरिको के शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विभिन्न आयाम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है, जिसके तहत निगम भिलाई के वैशाली नगर विधानसभा एवं भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में वाहन रैली का आयोजन किया गया है। गुरुवार को दोपहर 1 बजे बैकुण्ठधाम, संतोषी पारा मैदान में वाहनो को एकत्र कर स्वीप अक्षर का आकार देकर वाहनो को रैली के रूप में रवाना किया जायेगा।

# इलेक्ट्रोरल बांड भाजपा के भ्रष्टाचार का नमूना: कुलबीर

स्वदेश संवाददाता, राजनांदगांव



केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी के इलेक्ट्रोरल बांड घोटाला और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल पर ईओडब्ल्यू में दर्ज कराये गए एफआईआर को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 20 मार्च बुधवार को शहर एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा संयुक्त प्रेसवार्ता लेकर कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में आंतर है।

प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा तानाशाही रवैये अपनाते हुए व्यवसायिक संस्थानों को केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से डरा धमकाकर गलत कार्यवाही करवा कर इलेक्ट्रोरल बांड के माध्यम से वसूली करवाया। जिन कंपनियों ने भाजपा को चुनावी चंदा दिया उनको हजारों करोड़ रूपए के ठेके दिये गये। जिन कंपनियों ने भाजपा को चंदा दिया उनके खिलाफ मनीलांड्रिंग की कार्यवाही मोदी सरकार ने रुकवा दिया। उन्होने कहा कि इलेक्ट्रोरल बांड घोटाला भाजपा की बदनियति भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा सबूत है भाजपा ने ईडी, आईटी, सीबीआई को अपना चंदावसूली एजेंट बना दिया था। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग से मांग करती है कि इस कदाचरण के लिए भाजपा की मान्यता समाप्त कर उसके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया जाये।

भूपेश बघेल की छवि खराब करने षडयंत्र कर रही भाजपा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ ईडी के पत्र के आधार पर ईओडब्ल्यू के द्वारा लिखी गई एफआईआर पर कांग्रेस ने सवाल खड़ा किया है। ईडी की जांच और ईओडब्ल्यू के एफआईआर में राजनैतिक षडयंत्र दिख रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले ही यह एफआईआर क्यों दर्ज की गई। ईडी की सारी कार्यवाहियों की टाइमिंग भाजपा के राजनैतिक लाभ पहुंचाने वाली ही क्यों होती है।

पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ दर्ज किये गये एफआईआर किए जाने पर उन्होने भूपेश बघेल का बचाव करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने आखिर अब तक प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया। उन्होने कहा कि असीम दास की फोटो भाजपा नेताओं के साथ आई है तो ईडी ईओडब्ल्यू ने उन दोनों का नाम एफआईआर में क्यों दर्ज नहीं किया!

शु ईडी ने ईओडब्ल्यू को इस मामले जो पत्र लिखा था उसमें कुछ आईपीएस एवं अन्य अधिकारियों के भी नाम है ईओडब्ल्यू ने उन अधिकारियों के नाम एफआईआर में क्यों छोड़ा! असीम दास की गिरफ्तारी के समय जिस इनोवा गाड़ी से रूपये जप्त हुये थे, उसके मालिक भाजपा विधायक अमर अग्रवाल के भाई के है। उनसे ईडी ने कब पूछताछ किया है!

प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू भी उपस्थित थे। महापौर हेमा देशमुख, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, अजय मारकंडे, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली उपस्थित रहे।

### रायपुर जिला शहर कार्यकर्ताओं की बैठक में चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श

# सही रणनीति, उचित निर्णय और पूर्ण विश्वास चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं: बृजमोहन

स्वदेश संवाददाता, रायपुर



सही रणनीति, उचित निर्णय और पूर्ण विश्वास किसी भी चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं। जीत का उद्देश्य सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि जनता की भलाई और समाज की उन्नति के लिए काम करना होना चाहिए। यह बात रायपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर जिला शहर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कही।

सिविल लाइंस स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय में आयोजित बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमे अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आगामी 7 मई तक पूरी तरह से पार्टी को समर्पित रहने की कसम खाई।

श्री अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जनता की भलाई और समाज की उन्नति के लिए काम कर रहे हैं। मोदी जी की गारंटी किसी वर्ग विशेष की न होकर सभी के लिए है और हर एक व्यक्ति को इसका लाभ भी मिल रहा है। मोदी जी 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। ऐसे में हमे भी अपनी पूरी ईमानदारी और कड़ी मेहनत से समाज के हर व्यक्ति से मिलना होगा और उन्हे भाजपा की देशहित की नीतियों से अवगत करना होगा।

श्री अग्रवाल का यह भी कहना है कि, कांग्रेस की नीति हमेशा से ही देश विरोधी और समाज को तोड़ने वाली रही हैं। इसलिए कांग्रेस पार्टी का सफाया हो गया। कांग्रेस में हार के डर से नेता चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं।

बैठक में सांसद श्री सुनील सोनी भी उपस्थित थे। जिसपर अग्रवाल ने कहा कि यह केवल भाजपा में संभव है कि जिस सांसद का टिकट कट गया वो और जिसको टिकट मिला वो दोनो एक मंच पर उपस्थित हो। यह केवल भाजपा के संस्कार है वरना दूसरी पार्टियों में पार्षद का टिकट कटने पर बगावत हो जाती है।

बैठक में विधायक श्री मोतीलाल साहू, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, लोकसभा चुनाव प्रभारी श्री संदीप शर्मा, श्री विजय केशरवानी, पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मराठा समाज का प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन मई माह में आयोजित होगा

स्वदेश संवाददाता, धमतरी



छत्तीसगढ़ प्रदेश मराठा समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आगामी समय में प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाना है इसी तारतम्य में छत्रपति शिवाजी मराठा मंगल भवन धमतरी में प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महिला सम्मेलन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से पदाधिकारियों द्वारा चर्चा की गई बैठक का शुभारंभ माँ तुलजा भवानी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सम्मेलन के विषय में अपने अपने विचार व्यक्त किये गये कि किस प्रकार आयोजन को हम सफल बनायें एक दिवसीय सम्मेलन के प्रथम सत्र में प्रतिभा सम्मान समारोह के अतिथि उद्बोधन एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा तथा बीती सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ऐसी चर्चा की गई अपने संयुक्त उद्बोधन में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कविता योगेश बाबर, अरुण घाड़गे, विनोद राव लोंधे, विनोद राव रणसिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज जनों का आह्वान किया कि वर्तमान समय में समाज में प्री वेडिंग की प्रथा को बंद कराना, गोधूलि बेला में शादी संपन्न कराना व शादी के समय अनावश्यक खर्चों में कटौती कर शालीनता के साथ विवाह संपन्न हो ऐसी बातों को समाज में चर्चा कर आगे लागू कराना चाहिए वक्ताओं ने समाज जनों से आह्वान किया कि मराठा समाज का एक गौरवशाली इतिहास रहा है और ऐसे समाज में हम पैदा हुए हैं जहाँ छत्रपति शिवाजी महाराज जी जैसे शासक हुवे जिन्होंने हिंदवी स्वराज और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी हमे उनके बताए हुए मार्ग पर चलते हुए समाज को आगे नई दिशा की ओर अग्रसर कराना चाहिए राजिम से आए हुए समाज सेवी राघोबा महाड़िक रायपुर से सुरेन्द्र डुकरे बिलासपुर से नरेश गायकवाड़ बालोद से डा रामकृष्ण मोरे धमतरी जिलाध्यक्ष दीपक लोंधे जीजामाता अध्यक्ष नीता रण सिंह आदि ने भी संबोधित किया कार्यक्रम के इस अवसर पर गुणवंत राव घाड़गे अशोक कावड़े शक्तिमान बाबर महेन्द्र गायकवाड़ सतीश जाधव वैभव रणसिंह महिला मंडल से स्नेहा देशमुख सोनिया रणसिंह राजश्री रणसिंह कविता पवार वर्षा रणसिंह निधि रणसिंह श्रीलेखा जाधव भावना घोरपड़े श्रद्धा पवार ज्योति रणसिंह रानी सावंत सपना रणसिंह नम्रता जाधव मीना बाबर रश्मि निम्बालकर प्रगति पवार मीता गायकवाड़ की सूचीता लोधे विनोद राव रणसिंह गंगोत्री पालकर मीता महाड़िक सोनल महाड़िक राखी जाधव मीरा घाड़गे रोशनी महाड़िक निशा कदम उषा जाचक सुषमा महाड़िक सोनाली पवार अनीता लोढ़े सरिता वाघ वंदना पवार एवं प्रतिभा जाधव पुष्पलता इंगोले उपस्थित रहे सभा का सफल संचालन बस्तर संभाग के अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने किया व आभार प्रदर्शन धमतरी ज़िला अध्यक्ष दीपक लोंधे ने किया ।

# राजनांदगांव लोकसभा चुनाव कोर कमेटी की बैठक संपन्न




स्वदेश संवाददाता, राजनांदगांव

भाजपा के प्रदेश के दिग्गज नेता आज राजनांदगांव लोकसभा कोर कमेटी प्रबंधन समिति की बैठक में पहुंचे, जिसमे प्रमुख रूप से संघटन सह प्रभारी एवम बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन, प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री अरुण साब एवम विजय शर्मा, लोकसभा कलस्टर प्रभारी राजेश मूणत, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भरत वर्मा, रामजी भारती, प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, भाजपा वरिष्ट नेता नारायण चंदेल, भूपेंद्र सवनी, गणेश शंकर मिश्रा, नीलू शर्मा, भावना बोहरा, गीता घासी साहू सहित लोकसभा संसदीय छेत्र के आठों विधानसभा के प्रमुख नेतागण उपस्थित हुए और चुनाव के संबध में महत्वपूर्ण कार्य एवम जवाबदारियो का वितरण किया गया एवम सभी नेताओ द्वारा मोदी जी के 400 पार के लक्ष्य का संकल्प भी लिया गया।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हाई प्रोफाइल सीट होने के कारण भाजपा ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजई बनाने के लिए कोर कमेटी में कई निर्णय लिए गए, साथ ही सगठन स्तर के सभी कार्यों को बूथ स्तर पर क्रियान्वयन करने हेतु शक्ति केंद्र की महत्वपूर्ण जवाबदारी तय करते हुए कार्यो को अमलीजामा पहनाने की योजना के तहत आज महाजन वाड़ी में वरिष्ट नेताओं ने कोर कमेटी को दिशा निर्देश देते हुए चुनाव की व्युव्ह रचना बनाई गई।

बैठक की शुरुआत कलस्टर प्रभारी राजेश मूणत ने की, तत्पश्चात सघटन प्रभारी नितिन नवीन ने आगामी व्यूह रचना को विस्तार से बताते हुए कहा की यह दौर मोदी जी की सफल नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का है। भाजपा देश को समृद्ध विकसित भारत के लक्ष को लेकर चल रही है, मतदाताओं तक भाजपा के कार्यकर्ता विनम्रता के साथ जाए और अपनी बात रखे तो भाजपा भारी मतों से विजय को प्राप्त करेगी।

# समन्वय बैठक में सुरक्षा व्यवस्था संबंधी तैयारियों एवं आपसी सहयोग के संबंध में चर्चा

**स्वदेश कवर्धा।** पुलिस महानिदेशक (छत्तीसगढ़) अशोक जुनेजा के निर्देशन एवं पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगाँव रेंज राजनांदगाँव दीपक झा तथा पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में आगामी लोक सभा चुनाव-2024 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं आपसी सहयोग तथा सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों एवं सयुक्त प्रभावी कार्यवाही की समीक्षा व आगामी कार्ययोजना के संबंध में विकास कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कबीरधाम के उपस्थिति में दिनांक- 19.03.2024 को अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक विश्राम गृह चिल्फी में सम्पन्न हुआ। बैठक में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में हो रहे माओवादी गतिविधियों एवं चलाये गये नक्सल अभियानो की समीक्षा कर आगामी नक्सल अभियानों की कार्ययोजना के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सीमावर्ती संवेदनशील मतदान केन्द्रों में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने आपसी सहयोग करने, सीमावर्ती प्रमुख मार्गों में नाकाबंदी पाइंट लगाकर अवैध मादक पदार्थ, अवैध नगद रकम, अस्त्र शास्त्र आदि के परिवहन की रोकथाम एवं सीमावर्ती जिलों के स्थायी वारंटियों की पतासाजी व तामीली के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया तथा आवश्यक जानकारियों की आदान-प्रदान की गई।



अंतर्राज्यीय समन्वय मीटिंग में जिला कबीरधाम से विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कबीरधाम, संजय ध्रुव, सतीष धुर्वे उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स, संजय तिवारी, एसडीओपी बोड़ला तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के थाना एवं कैम्प प्रभारी तथा नक्सल सेल प्रभारी उपस्थित रहे एवं सीमावर्ती राज्य मध्यप्रदेश के सरहदी जिला बालाघाट म.प्र. से अरविंद शाह, एसडीओपी बैहर, थाना प्रभारी बिरसा, थाना प्रभारी गढ़ी, जिला मण्डला म.प्र. से आसिफ इकबाल, एसडीओपी बिछिया, थाना प्रभारी मोतीनाला, थाना प्रभारी मवई, एवं नक्सल सेल प्रभारी जिला डिण्डौरी, मंण्ड़ला (म.प्र.) उपस्थित रहे।

### न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. ....ब121 / वर्ष 2023-24 आवेदक - प्रहलाद तिवारी आ. योगेश प्रसाद तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पण्डरिया, तहसील पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम पण्डरिया प.ह.नं. 36 को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रहलाद तिवारी आ. योगेश प्रसाद तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पण्डरिया, तहसील पण्डरिया, जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार पण्डरिया के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की माता बसंती तिवारी पति योगेश प्रसाद तिवारी का मृत्यु दिनांक 09.10.2015 को ग्राम पण्डरिया में हुआ है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 28.03.2024 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा। आज दिनांक 14.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

**जारी दिनांक 14.03.2024**
**पेशी दिनांक 28.03.2024**

मुहर

**तहसीलदार पण्डरिया**
**जिला-कबीरधाम**

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**सुपर स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण से सम्बंधित दूरसंचार कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

सीपीएम, जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** 38-सीपीएम-जीएसयू-नाग-2023-24
**कार्य का नाम:** एसईसीआर के नागपुर मंडल में पॉलीक्लिनिक, मोतीबाग में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण से सम्बंधित दूरसंचार कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,27,60,422.51
**बयाना राशि:** ₹ 2,13,800.00
बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **09.04.2024** के **14:00** बजे तक जमा कर सकते है।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं व ऐसे प्राप्त प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

**एसएसटीई-जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

AIM/59-262

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**MIRAE ASSET**
Mutual Fund

In order to impart an insight on mutual fund, to educate and create awareness among the investors about the financial market, Mirae Asset Mutual Fund undertakes numerous events and activities at various places across the country and in number of ways such as conducting Investor Awareness Programs (IAPs) / seminars, contents on investor awareness in print media (newspapers, magazines etc.) and programs on Mutual Funds in electronic media (TVs, radios etc.).

In this regard, please see below schedule of upcoming Women IAP:

| Date | Time | Address |
|---|---|---|
| March 23, 2024 | 3:00 P.M. | Sayaji Hotel, GE Road, Jivan Vihar, Raipur, Chhattisgarh. |

**MIRAE ASSET MUTUAL FUND (Investment Manager: Mirae Asset Investment Managers (India) Private Limited.** CIN - U65990MH2019PTC324625)
**Registered & Corporate Office:** 606, Windsor, Off CST Road, Kalina, Santacruz (E), Mumbai - 400098.
☎ 1800 2090 777 (Toll free), ✉ customercare@miraeasset.com 🌐 www.miraeassetmf.co.in

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

**एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड**
(पूर्व की, एल&टी फायनांस लि, 4 दिसंबर 2023 से प्रभावी तौर पर स्कीम ऑफ अमाल्गमेशन के अंतर्गत एल&टी फायनांस होल्डिंग्स के साथ विलय द्वारा)
**पंजीकृत कार्यालय:** एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई 400 098
**सीआईएन नं.:** L67120MH2008PLC181833
**शाखा कार्यालय:** रायपुर

L&T Finance

### गिरवी संपत्ति की बिक्री के लिए सार्वजनिक नीलामी

वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रभावीकरण अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा एवं उक्त अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोगांतर्गत अपनी बकाया राशियों एवं आगामी ब्याज, प्रभारों, शुल्कों एवं व्ययों आदि की वसूली हेतु **"सार्वजनिक निलामी"** के माध्यम से **"जहाँ है"** और **"जैसी स्थिति में है"** आधार पर निम्नांकित संपत्ति की नीलामी की जा रही है.

| कर्जदार और सह-कर्जदार का नाम | सिक्योर्ड प्रॉपर्टी का पता | लोन अकाउंट नंबर | लिया गया भौतिक कब्जा | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट आरपी का 10% या अधिक (₹ में) | 18.03.2024 के अनुसार कुल बकाया राशि (₹ में) | आरक्षित मूल्य (₹ में) | निरीक्षण का दिनांक | नीलामी का दिनांक और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. शेख शोएब मोहम्मद 2. शेख मोहम्मद शेख करीम 3. नाज़िया कौसर शेख 4. नाजमुन निशा शेख | संपत्ति का सारा हिस्सा और खंड जिसका पता है: खसरा नं. 1460/4 और 1460/31 का हिस्सा क्षेत्रफल 2725 वर्ग फुट, मौजा कैलाश नगर वॉर्ड नं.11, कुम्हारी, पीएच नं. 46, आरएनएम अहिरवारा, तहसील धामडा, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490042<br>सीमाएँ: पूर्व – भोज राज की जमीन; पश्चिम – श्रीवास्तव की जमीन; उत्तर – सडक; दक्षिण – राजू सिंधी की जमीन | RAIHL17000036 और RAIHL17000037 | 19 जनवरी 2024 | ₹ 2,22,430 | ₹ 49,10,301.76/- | ₹ 22,24,300/- | 19.04.2024 | 25.04.2024 सु. 10 से शाम 5:30 बजे |

### सार्वजनिक निलामी के नियम व शर्तें

1. एसएआरएफएईएसआई कानून के प्रावधानों के अंतर्गत सार्वजनिक ई-नीलामी मोड की सहायता से और के ज़रिए ई-नीलामी बिक्री वेबसाइट https://sarfaesi.E-auctiontiger.net के माध्यम से अधिकृत अधिकारी द्वारा ऑनलाइन संचालित की जा रही है.
2. यह सार्वजनिक ई-नीलामी उपरोक्त तिथि एवं समय पर संचालित की जाएगी, जब उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति **"जहाँ है" और "जैसी स्थिति में है" आधार पर बेची जाएगी.**
3. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इसकी मंशा रखने वाले क्रेताओं/बोलीकर्ताओं को **24/04/2024** को या उससे पहले पेनकार्ड, कंपनी होने की स्थिति में मंडल संकल्पों और पते के प्रमाण की प्रतियों के साथ इन सुरक्षित संपत्तियों के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना धनराशि जमा के भुगतान के विवरण जमा करने होंगे.
4. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में सफल न होने वाले अन्य सभी बोलीकर्ताओं की ईएमडी को सार्वजनिक ई-नीलामी के समापन के 7 दिन के भीतर एलटीएफ द्वारा वापस कर दिया जाएगा. इस ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा.
5. सफल क्रेता/बोलीकर्ता द्वारा उसके प्रस्ताव का 25% (ईएमडी सहित) भाग **25/04/2024** को यानी ई-नीलामी के दिन शाम 18.00 बजे या उससे पहले या उसके अगले कार्यदिवस यानी **26/04/2024** को जयपुर में देय "एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड" के पक्ष में डीडी/पीओ के माध्यम से जमा करवाया जाएगा, जिस जमा की पुष्टि एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा की जानी चाहिए, जिसमें असफल रहने पर विक्रय को असफल माना जाएगा और उक्त सफल बोलीकर्ता की ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा. शेष राशि यानी क्रय राशि का 75% भाग क्रेता द्वारा एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड को अचल संपत्ति के विक्रय की पुष्टि होने के पंद्रह दिन या उससे पहले या कानून के प्रावधानों के अनुसार ऐसी विस्तारित अवधि में देय होगा.
6. संपत्ति के निरीक्षण या अधिक जानकारी के लिए, प्रत्याशित बोलीकर्ता अधिकृत अधिकारी, यानी **"नाम - संजय अग्रवाल, संपर्क नं. 9981146636, एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड, रायपुर छत्तीसगढ और संतोष तिवारी, संपर्क नं. 9920490126, एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड, ऑफिस: 6ठीं मंजिल, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना सीएसटी रोड, मर्सिडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई-400098"** ई-नीलामी की किसी भी अवस्था में, अधिकृत अधिकारी द्वारा कोई कारण बताए बिना या इसकी कोई पूर्व सूचना दिए बिना ई-नीलामी को स्थगित किया जा सकता है या बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/परिवर्तित/निरस्त किया जा सकता है.
7. सफल क्रेता/बोलीकर्ता को ऐसे कोई भी वैधानिक शुल्क, कर, देय प्रभार, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि वहन करना होगा, जो लागू कानूनों के अनुसार संपत्ति को उसके पक्ष में सौंपने/प्रदान करने के लिए भुगतान करने की आवश्यकता हो.
8. ऋणी/गारंटर, जो उक्त बकाया राशियों के लिए देनदार हैं, द्वारा उपरोक्त सार्वजनिक ई-नीलामी विक्रय के धारण के बारे में प्रतिभूति हित (प्रभावीकरण) नियम के नियम 8 (6) के अंतर्गत एक सूचना के रूप में इस विक्रय सूचना को लिया जाएगा.
9. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर को एतद्द्वारा उक्त ई-नीलामी दिनांक से पहले ऊपर वर्णित विवरणों के अनुसार संपूर्ण बकाया लोन राशि अदा करने का आवाहन किया जाता है जिसमें विफल रहने पर एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड एसएआरएफएईएसआई में दिए गए प्रावधानों के अनुसार संपत्ति को बेच देगी.
10. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर और जन सामान्य को एतद्द्वारा एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड की लिखित रूप में पूर्व सहमति के बिना सूचना में संदर्भित सिक्योर्ड संपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा किसी तरीके से अंतरित करने से निषिद्ध किया जा रहा है.

**दिनांक:** 21.03.2024
**स्थान:** रायपुर

कृते/-
**प्राधिकृत अधिकारी**
एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड के लिए